# आदेश

24|1|23

यह वाद तापसी गुप्ता, पति - स्व० दिलीप कुमार गुप्ता सा० हरिणडांगा बाजार, पाकुड़ द्वारा मौजा च्याडापुर के दाग न० 173, 174, 182 एवं 176 का जमीन को फर्जी तरीके से धोखाधड़ी एवं षड्यंत्र कर बिक्री संबंधी उपायुक्त महोदय को संबोधित आवेदन के आलोक में प्रारंभ हुई। उक्त आवेदन के आलोक में संबंधित राजस्व उपनिरीक्षक एवं अंचल निरीक्षक के द्वारा तथ्यों की जांच कराई गई। जांच प्रतिवेदन अभिलेख के साथ संलग्न है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर संबंधित व्यक्तियों/ पक्षकार को नोटिस किया गया। नोटिस का तामिला प्रतिवेदन प्राप्त है। आवेदिका एवं पक्षकार सुनवाई की निर्धारित तिथियों को लगातार अनुपस्थित रहे हैं। अभिलेख में उपलब्ध साक्ष्य एवं रा० उ०नि० तथा अंचल निरीक्षक के जांच प्रतिवेदन के आधार पर अभिलेख आदेश पर रखा गया है।

रा० उ०नि० / अ०नि० के जांच प्रतिवेदन से स्पष्ट होता है कि विषयगत भूमि आवेदिका द्वारा निबंधित केवाला सं० 1401/26.3.1984 द्वारा विक्रेता चन्द्रशेखर मंडल से क्रय किया गया था एवं उसके उपरांत नामांतरण वाद सं० 144/84-85 से दाखिल खारिज कराया गया। पुनः प्रतिवेदित है कि तापसी गुप्ता द्वारा पुनः निबंधित केवाला सं० ~~[illegible]~~ 442/24.7.1989 के माध्यम से उक्त भूमि चन्द्रशेखर मंडल को विक्रय कर दिया गया। उक्त निबंधित दस्तावेज के आधार पर क्रेता चन्द्रशेखर मंडल की पुत्रियो सम्पा मंडल और रत्ना मंडल द्वारा वर्ष 2015-16 में नामांतरणवाद सं० 2449 के द्वारा अपने नाम पर जमाबंदी का सृजन कराया गया। उक्त सृजित जमाबंदी के आधार पर रत्ना मंडल एवं सम्पा मंडल द्वारा वर्ष 2018 में प्रतिमा देवी को भूमि का विक्रय किया गया है।

अभिलेख के साथ संलग्न जांच प्रतिवेदन के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि आवेदिका

(हस्ताक्षर)

तापसी गुप्ता द्वारा पूर्व में ही प्रश्नगत भूमि वर्तमान विक्रेता के पिता को निबंधित केवाला से विक्रय किया जा चुका है। ऐसी परिस्थिति में आवेदिका का दावा विधिमान्य प्रतीत नहीं होता है। जहां तक आवेदिका वर्तमान विक्रेता के पिता को निबंधित किए गए केवाला की वैधता को चुनौती देना चाहती है तो निबंधित केवाला को रद्द अथवा संशोधित किया जाना इस राजस्व न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत नहीं आता है। इसके संबंध में आवेदिका सक्षम व्यवहार न्यायालय की शरण ले सकती है। इस निष्कर्ष के साथ वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है।

(signature)
24/1/23
अंचल अधिकारी
पाकुड़

Digitally signed by ALOK WARAN KESHRI
Date: 2023.01.24 16:32:49 +05:30
Location: 2001:0:348b:fb58:14a4:237d:98e7:ab9f

Scanned with CamScanner